छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल
दूरभाष : 7415100040, 7415100030

CHHATTISGARH STATE OPEN SCHOOL
Phone: 7415100040, 7415100030

छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर पेंशन बाड़ा, रायपुर . 492001 ( छ.ग.)
**website : www.sos.cg.nic.in** email id : cgsosraipur@gmail.com

क्रमांक / 296 / ओपन स्कूल / परीक्षा / 2022 रायपुर, दिनांक– 16.06.22

## :: आदेश ::

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक दिनांक 10.06.2022 में लिये गये निर्णयानुसार हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी की परीक्षा प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित की जावेगी प्रथम बार अप्रैल माह में तथा दूसरी बार सितम्बर माह में। दोनों परीक्षाओं में सामान्य परीक्षार्थी एवं अवसर परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। विस्तृत कार्य योजना / आवेदन करने की तिथियॉ निम्नानुसार है :–

1. **अप्रैल की परीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथियां**

   **सामान्य परीक्षार्थी**

   सामान्य शुल्क – 16 जुलाई से 31 दिसम्बर तक
   विलंब शुल्क – 01 जनवरी से 15 जनवरी तक

   **अवसर परीक्षार्थी**

   सितम्बर परीक्षा परिणाम जारी होने के अगले दिवस से 31 दिसम्बर तक सामान्य शुल्क के साथ एवं 01 जनवरी से 15 जनवरी तक विलम्ब शुल्क के साथ

2. **सितम्बर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवदेन की तिथियां**

   **सामान्य परीक्षार्थी**

   सामान्य शुल्क – 16 जनवरी से 30 जून तक
   विलंब शुल्क – 01 जुलाई से 15 जुलाई तक

   **अवसर परीक्षार्थी**

   अप्रैल परीक्षा परिणाम जारी होने के अगले दिवस से 30 जून तक सामान्य शुल्क के साथ एवं 01 जुलाई से 15 जुलाई तक विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकेंगे।

3. सामान्य परीक्षार्थी से अभिप्राय है कि संबंधित परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले छात्र, यथा–समस्त विषय में सम्मिलित होने वाले छात्र, क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले छात्र एवं कक्षा 12वीं में आर.टी.डी.योजना के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले छात्र।

   **यह आदेश आज दिनांक 16.06.2022 से प्रभावशील होगा।**

16/6/22

**(प्रोफेसर व्ही.के.गोयल)**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल,**
**रायपुर**

पृ.क्रमांक / 297 / ओपन स्कूल / परीक्षा / 2022 रायपुर, दिनांक– 16.06.22

प्रतिलिपि :

1. माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, छ.ग.शासन, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नया रायपुर,
2. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर,
3. अध्यक्ष के निज सहायक, छ.ग. राज्य ओपन स्कल रायपुर,
4. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर,
5. समस्त जिला कलेक्टर,
6. समस्त संभागीय आयुक्त संचालक लोक शिक्षण (रायपुर, बिलसापुर, बस्तर, सरगुजा, दुर्ग),
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   को सूचनार्थ
8. प्रथम श्रेणी अधिकारी छ.ग.राज्य ओपन स्कूल रायपुर,
9. समस्त जिला समन्वयक केन्द्र छ.ग. राज्य ओपन स्कूल,
10. समस्त प्राचार्य / अध्ययन केन्द्र प्रभारी छ.ग.राज्य ओपन स्कूल,
    को सूचनार्थ एवं पालनार्थ
11. आदेश फोल्डर।

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल,**
**रायपुर**

दूरभाष : 741510040,70
छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल
SCHOOL

Phone: 7415100040,70
CHHATTISGARH STATE OPEN

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, रायपुर . 492001 (छ.ग.)
CHHATTISGARH BOARD OF SECONDARY EDUCATION PARISAR RAIPUR . 492001 (C.G.)

क्रमांक /295A/ परीक्षा / 2022 रायपुर, दिनांक – 16-06-22

# परीक्षा कार्य योजना

## (हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा सितम्बर 2022 के परीक्षा कार्यक्रम)

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा कार्यक्रम में कुछ आंशिक सुधार किये गये है। नवीन परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक वर्ष में दो बार अप्रैल माह एवं सितम्बर माह में परीक्षाओं का आयोजन किया जावेगा। प्रत्येक परीक्षा में परीक्षा योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के छात्र परीक्षा आवेदन कर सकते है अर्थात अप्रैल और सितम्बर में होने वाली दोनों परीक्षाओं में मुख्य परीक्षा के परीक्षार्थी जो प्रथम बार सामान्य, क्रेडिट एवं आर.टी.डी. (RTD) योजना के अंतर्गत प्रवेश लेना चाहते है वे भी आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र होंगे एवं ऐसे परीक्षार्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के परीक्षा में अनुत्तीर्ण है तथा जिनका अवसर शेष है वे दोनो परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए पात्र होगें। सितम्बर 2022 हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि एवं पात्रता निम्नानुसार है:–

**सितम्बर परीक्षा में आवेदन की तिथि :–**

**सामान्य परीक्षार्थी**

सामान्य शुल्क – 16 जनवरी से 30 जून तक।
विलम्ब शुल्क – 01 जुलाई से 15 जुलाई तक।

**अवसर परीक्षार्थी**

अप्रैल परीक्षा परिणाम जारी होने के अगले दिवस से 30 जून तक सामान्य शुल्क के साथ एवं 01 जुलाई से 15 जुलाई तक विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकेंगे।

सितम्बर 2022 की परीक्षा में निम्नानुसार सम्मिलित हो सकते है :–

**सामान्य परीक्षार्थी :–**

**1. हाईस्कूल** – ऐसे छात्र जिन्होंने 31.07.2022 को 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो वे हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**2. हायर सेकण्डरी** – 2020 या उसके पूर्व कक्षा दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र सितम्बर 2022 की हायर सेकण्डरी की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**क्रेडिट परीक्षार्थी :–** किसी भी बोर्ड से अनुत्तीर्ण एवं छ.ग.राज्य ओपन स्कूल के अनुत्तीर्ण ऐसे छात्र जिनके 09 अवसर समाप्त हो चुके है ऐसे छात्र अधिकतम 2 उत्तीर्ण विषयों के साथ क्रेडिट योजना के अंतर्गत सितम्बर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। छ.ग.राज्य ओपन स्कूल के पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयों में ही क्रेडिट की पात्रता होगी।

**अवसर परीक्षार्थी :–** ऐसे छात्र जो अप्रैल 2022 या उससे पूर्व की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए है वे सितम्बर 2022 में आयोजित होने वाली परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकते हैं।

आर.टी.डी. परीक्षार्थी :-

**1.** ऐसे छात्र जो अप्रैल 2022 की हायर सेकण्डरी की परीक्षा में आर.टी.डी (RTD) परीक्षार्थी के अंतर्गत सम्मिलित हुए और किसी विषय में अनुत्तीर्ण हुए हों वे सितम्बर 2022 में आयोजित होने वाली परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। आर.टी.डी. परीक्षार्थी जिन्होने अप्रैल की परीक्षा चार विषयों में दी थी और वे उन सभी विषयों में उत्तीर्ण हो चुके वे सितम्बर 2022 में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नही हो सकते। ऐसे छात्र शेष एक विषय की परीक्षा हेतु अप्रैल 2023 में सम्मिलित होंगे।

**2.** ऐसे छात्र जिन्होने 2021 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की हो वे छात्र सितम्बर 2022 की परीक्षा में अधिकतम 4 विषय का चयन कर हायर सेकण्डरी की परीक्षा में आर.टी.डी. (RTD) योजनांतर्गत परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते है।

**हाईस्कूल(10वीं.)/हायर सेकण्डरी (12वीं.) में प्रवेश हेतु अर्हताएं**

| अनिवार्य योग्यताएं | हाईस्कूल पाठ्यक्रम | हायर सेकेण्डरी पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | कोई बंधन नहीं<br>अथवा<br>अधिकतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त मंडल/बोर्ड से 9वीं. की परीक्षा उत्तीर्ण या 10वीं. की परीक्षा अनुत्तीर्ण। | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड /मण्डल/हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या हायर सेकण्डरी (12वीं.) की परीक्षा अनुत्तीर्ण |
| 2. न्यूनतम आयु | 01.01.2022 को 14 वर्ष पूर्ण | कोई बंधन नहीं |
| 3. अधिकतम आयु | कोई बंधन नहीं। | कोई बंधन नहीं |
| 4. संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज | (i) जन्मतिथि की प्रमाणित प्रतियाँ।<br>(अ) अध्ययनरत अंतिम शाला का स्थानांतरण प्रमाण पत्र/5वीं बोर्ड/8वीं बोर्ड/10वीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति।<br>अथवा<br>(ब) यदि छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुआ है और सीधे हाईस्कूल (10वीं.) की परीक्षा में सम्मिलित हो रहा हैं तो ऐसी स्थिति में (ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका /नगर निगम द्वारा जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति। | हाईस्कूल (10वीं.) परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो । |

16/6/22

(प्रोफेसर व्ही.के.गोयल)
सचिव
छ.ग. राज्य ओपनस्कूल,
रायपुर